रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-25082023-248348
CG-DL-E-25082023-248348

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3620] नई दिल्ली, बुधवार, अगस्त 23, 2023/भाद्र 1, 1945
No. 3620] NEW DELHI, WEDNESDAY, AUGUST 23, 2023/BHADRA 1, 1945

## पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 22 अगस्त, 2023

**का.आ. 3780(अ).**—मंत्रालय की प्रारुप अधिसूचना का. आ. 1567(अ) दिनांक 4 अप्रैल, 2022, और अंतिम अधिसूचना एस.ओ. 2943(अ) दिनांक 28 अगस्त, 2020 के अधिक्रमण में अधिसूचना का निम्नलिखित प्रारुप, जिसे केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जारी करने का प्रस्ताव करती है, को पर्यावरण (संरक्षण) नियमावली 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) की अपेक्षानुसार, जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है; जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है, और यह सूचित किया जाता है कि उक्त प्रारूप अधिसूचना पर, उस तारीख से, जिसको इस अधिसूचना को अंतर्विष्ट करने वाले भारत के राजपत्र की प्रतियां जनसाधारण को उपलब्ध करा दी जाती हैं, साठ दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके पश्चात् विचार किया जाएगा;

ऐसा कोई भी व्यक्ति, जो प्रारूप अधिसूचना में अंतर्विष्ट प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव देने का इच्छुक है, वह विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किए जाने के लिए अपनी आपत्ति या सुझाव सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली-110003 को लिखित रूप में या ई-मेल esz-mef@nic.in पर भेज सकता है।

## प्रारूप अधिसूचना

**जहाँ कि**, सेस्सा आर्किड अभयारण्य 100 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल में फैला हुआ है और अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले में स्थित है। अभयारण्य को 19 जुलाई 1982 को अधिसूचना सं.एफओआर.32/आईएनडी-1/82/17706-45 दिनांक 19.07.1982 द्वारा अधिसूचित किया गया था।;

**और जहाँ कि,** ईगल नेस्ट वन्यजीव अभयारण्य 217 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है और अरुणाचल प्रदेश राज्य में पश्चिम कामेंग जिले के सिंगचुंग प्रशासनिक सर्कल में स्थित है। अभयारण्य को सीडब्ल्यूएल/डी/27/89/3101-3174 दिनांक 18.10.1989 को अधिसूचित किया गया था;

**और जहाँ कि,** सेस्सा आर्किड अभयारण्य क्षेत्र में उपलब्ध स्वदेशी आर्किडों के लिए जाना जाता है। यह अभयारण्य यथास्थान आर्किडों के विकास सहित सुरक्षा और संरक्षण के लिए है। ऑर्किड की सुरक्षा और संरक्षण के अलावा, यह अभयारण्य में पाए जाने वाली वन्यजीव का संरक्षण और समृद्ध जैव विविधता में भी मदद करता है;

**और जहाँ कि**, पाक्के बाघ रिज़र्व अरुणाचल प्रदेश के पाक्के केसांग जिले में स्थित है। यह उत्तर में टेंगा रिज़र्व वन, पश्चिम में डोइमार रिज़र्व वन, दक्षिण में नामेरी नेशनल पार्क और बाघ रिज़र्व (असम) और पूर्व में कुछ कृषि भूमि के साथ-साथ पापम रिज़र्व फॉरेस्ट से घिरा हुआ है। यह क्षेत्र पहले पाखुई आरक्षित वन के नाम से जाना जाता था, इसका नाम बदलकर पाखुई वन्यजीव अभयारण्य कर दिया गया, जिसे 19 अप्रैल 2001 को अधिसूचना संख्या सीडब्ल्यूएल/डी/26/94/1393-1492, दिनांक 19.04.2001 द्वारा अधिसूचित किया गया। 2002 में, 19 अप्रैल 2002 को अधिसूचना संख्या सीडब्ल्यूएल/डी/26/94/154-92, दिनांक 19.04.2002 के तहत पाखुई वन्यजीव अभयारण्य का नाम बदलकर पाक्के वन्यजीव अभयारण्य कर दिया गया। बाद में 2002 में, 23 अप्रैल 2002 को अधिसूचना संख्या सीडब्ल्यूएल/डी/20/94/1742-1791, दिनांक 23.04.2002 के माध्यम से पाक्के वन्यजीव अभयारण्य को पाक्के बाघ रिज़र्व घोषित किया गया।

**और जहाँ कि**, ईगल नेस्ट वन्यजीव अभयारण्य की जैव विविधता में विविध जीवजंतु समुदायों जैसे लाल पांडा *(ऐलुरुस फुल्गेन्स)*, हिमालयन शेरोव (*क्रेप्रीकोरनीस थार)* और लमचिता (*नेओफेलिस नेबुलोसा)* संरक्षित क्षेत्र के अंतर्गत परिलक्षित होते हैं।

**और जहाँ कि**, ईगल नेस्ट वन्यजीव अभयारण्य विशेष रूप से पक्षी समुदाय और दुलर्भ प्रजातियों के लिए जाना जाता है। एक उल्लेखनीय पक्षी-जीव प्रजाति बुगुन लिओसिचला *(लिओचिचला बुगुनोरूम),* है जो संरक्षित क्षेत्र के अंतर्गत कुछ स्थानों से पाई जाती है। यहां अन्य दुर्लभ पक्षी जैसे सौन्दर्य युक्त नाटहेच *(सिट्टा कास्टेनिया),* बेलीथ टैगोपैन *(*टैगोपैन *बलीथी)* और रूफस-नेक्ड हॉर्नबिल *(अकेरोस निपलेन्सिस*) पाए जाते हैं।

**और जहाँ कि**, ईगल नेस्ट वन्यजीव अभयारण्य दुर्लभ तितलियों जैसे लुडलो भूटान ग्लोरी *(भुटानिटीस लुडोवि),* तिब्बतिन ब्रिमस्टोन (*गोनार्थेक्स अमिथा थिबेटा नेनेक्रुटेंको*) और लुप्तप्राय पौधों में शामिल कुछ शानदार रहोडोडेंड्रोन प्रजातियों का वास है। इस भव्य विविधता के अलावा, अभयारण्य के अंतर्गत बृहत प्रजातियां जैसे एशियाई हाथी *(एलिफस मैक्सिमस),* भारतीय गौर (*बोस* गौरस), और रेथ हॉर्नबिल (*रहितिकेरोस उनदुलाटस)* का वास हैं;

**और जहाँ कि**, उत्तर-पूर्व भारत के जंगलों को उनकी पुष्प और जीव प्रजातियों की समृद्धि के कारण 'वैश्विक जैव विविधता हॉटस्पॉट' और 'स्थानिक पक्षी क्षेत्र' के रूप में पहचाना जाता है। इस परिदृश्य में उच्च प्रजाति विविधता और स्थानिकता है क्योंकि यह भारतीय और मलायन पर्यावरण-क्षेत्रों के बीच संक्रमण क्षेत्र बनाता है।

**और जहाँ कि**, उत्तर-पूर्व भारतीय बाघ परिदृश्य के दो महत्वपूर्ण भाग ब्रह्मपुत्र बाढ़ के मैदान और उत्तर-पूर्व भारतीय पहाड़ियाँ हैं। पाक्के और नामेरी बाघ रिज़र्व असम के मैदानी इलाकों और अरुणाचल प्रदेश के पहाड़ी जंगलों के बीच संक्रमण क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र नदी के उत्तर में स्थित हैं। साथ में, वे उत्तर-पूर्व में अर्ध-सदाबहार और सदाबहार वनों के सबसे बड़े ब्लॉकों में से एक ब्लॉक बनाते हैं।

**और जहाँ कि**, वे उत्तर-पूर्व भारतीय जंगलों के भीतर निकटता बनाए रखने में बेहद महत्वपूर्ण हैं और पश्चिमी असम और अरुणाचल के जंगलों के बीच में स्थित हैं। पश्चिम में, वे सेस्सा ऑर्किड वन्यजीव अभयारण्य और ईगलनेस्ट वन्यजीव अभयारण्य के माध्यम से सोनाई-रूपई वन्यजीव अभयारण्य से जुड़े हुए हैं, दक्षिण में काजीरंगा बाघ रिज़र्व और कार्बी-आंगलोंग पहाड़ियों के साथ जुड़े हुए हैं, और उत्तर की ओर, वे टेल घाटी और लोअर सुबनसिरी से जुड़े हुए हैं। वन, जो पूर्व-सियांग और आगे पूर्वी अरुणाचल प्रदेश में चांगलांग जिले में नामदाफा बाघ रिज़र्व से सटे हुए हैं।

**और जहाँ कि**, क्षेत्र में मुख्य वनस्पति प्रजातियां हॉलॉक (*टर्मिनेलिया मायरियोकार्पा)*, बोनसम(*फोबे गोलपेरेंसिस)*, अमारि (*अमोरा वाल्लिची*), बोरपट (*ऐलेन्थस ग्रैंडिस*), सतिआना (*एलस्टोनिया स्कोलारिस*), हाटिपोइला (*पटेरोस्पर्मम एसिरिफोलियम*), समकथल (*आर्टोकार्पस चपलासा*), नाहर (*मेसुआ फेरिया*), टिटासोपा (*मिशेलिया चंपाका*), जुटुलि (*अल्टिंगिआ एक्सेला*), सोपा (*मैगनोलिया स्पीसिज़*), बोगिपोमा (*चक्रासिया टेबुलारिस*), पोमा (*टूना सिलिआटा*), उदल (*स्टरकुलिआ विलोसा*), हिंगोरी (*कास्टेनोप्सिस स्पीसिज़*), हिलिका (*टर्मिनेलिया चेबुला*), धूना (*कैनेरियम*

*रेसनिनिफेरम*), गोनसोरोइ (*सिन्नामोमम सेसिकोडाफने*), गामारि (*गमेलिना अर्बोरिया*), पिचोला (*कीडिया कैलीसिना*), बोहेरा (*टर्मिनेलिआ बेलेरिका*), आदि विद्यमान हैं;

**और जहाँ कि**, पाक्के बाघ रिज़र्व, ईगल नेस्ट वन्यजीव अभयारण्य और सेस्सा आर्किड अभयारण्य मुख्य जीवजंतु प्रजातियों जैसे रीसस मैकाक (*मकाका मुलाट्टा*), एसामेसे मकाक (*मकाका एसामेंसिस*), कैप्ड लंगूर (*ट्रेचपिथेकस पिलेटस*), मुंजक या भारतीय मंटजेक (*मुंटियाकस मंटजेक*), सांबर (*सर्वस यूनिकलर*), सीरो (*नैमोरहेडस सूमात्रानसिस*), बनैला सूअर (*सस स्क्रोफा*), एशियाई हाथी (*एलीफास मैक्सिमस*), एशियाई काला भालू (*उर्सस थिबिटानुस*), जंगली कुत्ता (*कुओन अल्पाइनस*), बाघ (*पैंथरा टिग्रिस*), सामान्य तेंदुआ (*पैंथर पार्डस*), लमचित्ता (*नियोफेलिस नेबुलोसा*), मार्बल्ड कैट (*पार्डोफेलिस मार्मोराटा*), जंगली कैट (*फेलिस चौस*), लैपर्ड कैट (*प्रिओनैलुरस बेंगालेंसिस*), फिशिंग कैट (*प्रियोनैलुरस विवेरिनस*), फेरेट बैजर (*मेलोगेल पर्सोनाटा*), सामान्य मुसंग (*पैराडाक्सुरस हेर्मैफ्रोडाइट्स*), येलो थ्रोटेड मार्टन (*मार्टेस फ्लेविगुला*), स्मॉल एशियन मोंगूस (*हर्पेस्टेस जावानिकस*), ग्रे मोंगूस (*हार्पेस्टेस एडवर्ड्सि*), चाईनीज़ पैंगोलिन (*मानिस पेंटाडैक्टीला*), मोल (*यूरोसैप्टर मिकरुरा*), हिमालयन क्रेस्टलेस स्क्वेरिल (*हीस्ट्रिक्स ब्राचयुरन*), मालायन जाईंट स्क्वेरील (*रतुफा बाईकलर*), होरी बेलिड हिमालयन स्क्वेरिल (*कालोससियुरस पाइगेरीथ्रस*), पलास स्क्वेरील (*कालोससियुरस एरीथ्रायस*), ऑरेंज-बेलिड हिमालयन स्क्वेरील (*ड्रेमोमीस्लोक्रिया*), सिक्किम माउस (*मुस पहाड़ी*), माइक्रो पाम माउस (*वैंडेलुरिया ओलेरासिया*), बैंडिकॉट माउस (*बैंडिकोटा बेंगालेंसिस*), जंगली माउस (*रैटस सिक्कीमेंसिस*), बैम्बू माउस (*राइजोमिस प्रुइनोसस*), हाउस या ग्रे मस्क श्रू (*सनकस मुरिनस*), ग्रे श्रू - (*क्रोकिडुरा एटेन्यूएट*), ट्री श्रू (*टुपैया बेलांगेरी*) और मेगा काइरोप्टेरा समूह के चमगादड़, आदि आश्रय प्रदान करते हैं। गैंट फ्लाइंग फॉक्स को छोड़कर विशेषज्ञता की कमी के कारण प्रजातियों की पहचान नहीं की जा सकती;

**और जहाँ कि**, पाक्के बाघ रिज़र्व, ईगल नेस्ट वन्यजीव अभयारण्य और सेस्सा ऑर्किड अभयारण्य के चारों ओर के संरक्षित क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैराग्राफ 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पारिस्थितिकी, पर्यावरणीय और जैव-विविधता की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों की श्रेणियों के प्रचालन तथा प्रसंस्करण को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

**अतः,** अब, केन्द्र सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियमावली, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1) और उप-धारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) एवं उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अरुणाचल प्रदेश राज्य के पाक्के बाघ रिज़र्व, ईगल नेस्ट वन्यजीव अभयारण्य और सेस्सा आर्किड अभयारण्य की सीमा के चारों ओर शून्य (0) से 37.60 किलोमीटर तक विस्तारित क्षेत्र को पाक्के बाघ रिज़र्व, ईगल नेस्ट वन्यजीव अभयारण्य और सेस्सा आर्किड अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे एतश्मिन् पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है,यथा:-

**1. पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमा.**- (1) पाक्के बाघ रिज़र्व, ईगल नेस्ट वन्यजीव अभयारण्य और सेस्सा ऑर्किड अभयारण्य की सीमा के चारों ओर पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार 0 से 37.60 किलोमीटर होगा। पारिस्थितिकी संवेदी जोन 766.20 वर्ग किलोमीटर है। पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार विभिन्न दिशाओं (किलोमीटर) में निम्न रुप से है:

| **दिशाएं** | **विस्तार** |
|---|---|
| उत्तर | 1 किलोमीटर |
| उत्तर-पूर्व | 1 से 2.5 किलोमीटर |
| पूर्व | 2.0 से 37.60 किलोमीटर |
| दक्षिण-पूर्व | 1.0 किलोमीटर |
| दक्षिण | 0 किलोमीटर |
| दक्षिण-पश्चिम | 1 किलोमीटर |
| पश्चिम | 1 किलोमीटर |
| उत्तर-पश्चिम | 1 किलोमीटर |

***टिप्पण:*** *पारिस्थितिकी संवेदी जोन की शून्य सीमा असम के नामेरी राष्ट्रीय उद्यान और बाघ रिज़र्व के कारण पाक्के वन्यजीव अभयारण्य और बाघ रिज़र्व के दक्षिणी भाग में स्थित है। अभयारण्य की सीमा चोटियों और घाटियों, जलधाराओं और नालों जैसी प्रमुख और ध्यान देने योग्य विशेषताओं से युक्त है।*

(2) पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण **अनुलग्नक –I** में है।

(3) सीमा विवरण और अक्षांश और देशांतर के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के मानचित्र **अनुलग्नक –IIक, अनुलग्नक –IIख** और **अनुलग्नक –IIग** के रूप में संलग्न हैं।

(4) पाक्के बाघ रिज़र्व, ईगल नेस्ट वन्यजीव अभयारण्य और सेस्सा ऑर्किड अभयारण्य और पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा के भू-निर्देशांकों की सूची **अनुलग्नक -III** की सारणी **क** और सारणी **ख** में दी गई है।

(5) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **अनुलग्नक -IV** के रूप में संलग्न है

**2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.–**

(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजनों के लिए राजपत्र में इस अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी जिसे राज्य में सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत अनुमोदित किया जाएगा।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रीति से तथा प्रासंगिक केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरूप और राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों, यदि कोई हों, के अनुसार बनायी जाएगी।

(3) आंचलिक महायोजना उक्त योजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरण संबंधी सरोकारों को शामिल करने के लिए राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से बनाया जाएगी, अर्थात्:-

I. पर्यावरण;

II. वन और वन्यजीव;

III. कृषि;

IV. राजस्व;

V. शहरी विकास;

VI. पर्यटन;

VII. ग्रामीण विकास;

VIII. सिचांई और बाढ़ नियंत्रण;

IX. नगरपालिका;

X. पंचायती राज; और

XI. लोक निर्माण विभाग।

(4) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, आंचलिक महायोजना में वर्तमान में अनुमोदित भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा तथा इस आंचलिक महायोजना में सभी अवसंरचनाओं और क्रियाकलापों में सुधार करके उन्हे अधिक दक्ष और पारिस्थितिकी-अनुकूल बनाने की व्यवस्था की जाएगी।

(5) आंचलिक महायोजना में वनरहित और अवक्रमित क्षेत्रों के सुधार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय जनता की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण के ऐसे अन्य पहलुओं की व्यवस्था की जाएगी जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

(6) आंचलिक महायोजना में सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों एवं शहरी बस्तियों, वनों की श्रेणियों एवं किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, उद्यानों एवं उद्यानों की तरह के हरित क्षेत्रों, बागवानी क्षेत्रों, बगीचों, झीलों और अन्य जल निकायों और सहायक मानचित्र के साथ निर्धारण किया जाएगा। योजना की वर्तमान एवं प्रस्तावित भू-उपयोग की विशेषताओं का ब्यौरा देने वाले मानचित्रों द्वारा सहायता की जाएगी।

(7) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकासात्मक क्रियाकलापों को विनियमित करने के लिए प्रक्रिया तैयार की जाएगी और सारणी में यथासूचीबद्ध प्रतिषेध और विनियमित क्रियाकलापों का पालन किया जाएगा। इसमें स्थानीय जनता की आजीविका की सुरक्षा के लिए पारिस्थितिकी-अनुकूल विकास का भी सुनिश्चयन एवं संवर्धन किया जाएगा।

(8) आंचलिक महायोजना, क्षेत्रीय विकास योजना की सह-कालिक होगी ।

(9) राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित आंचलिक महायोजना, निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज होगी ताकि वह इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार निगरानी के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सके।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.-** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:-

(1) **भू-उपयोग.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, बागवानी क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के लिए चिन्हित उद्यानों और खुले स्थानों का प्रमुख वृहद वाणिज्यिक या प्रमुख आवासीय परिसरों या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए प्रयोग या संपरिवर्तन किये जाने की अनुमति नहीं होगी।

परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भाग (क), में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन, निगरानी समिति की सिफारिश पर और क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम तथा यथा लागू केन्द्रीय/राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों के अधीन तथा इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुमत किया जाएगा जैसे:-

(i) वर्तमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ़ करना और नई सड़कों का निर्माण करना;

(ii) बुनियादी संरचनाओं और नागरिक सुविधाओं का निर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योग सहित ग्राम उद्योग; पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक सुविधा भण्डार, और स्थानीय सुविधाएं तथा गृह वास; और

(v) पैराग्राफ-4 में यथा उल्लिखित बढ़ावा दिए गए क्रियाकलाप:

परंतु यह भी कि क्षेत्रीय शहरी नियोजन अधिनियम तथा राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना एवं संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों तथा तत्समय प्रवृत्त विधि, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी आता है, का अनुपालन किए बिना वाणिज्यिक और औद्योगिक विकास के क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि के प्रयोग की अनुमति नहीं होगी।

परंतु यह भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाली भूमि के अभिलेखों में हुई किसी त्रुटि को, निगरानी समिति का विचार प्राप्त करने के पश्चात्, राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार सुधारा जाएगा और उक्त त्रुटि के सुधारे जाने की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह भी कि उपर्युक्त त्रुटि को सुधारने में, इस उप-पैरा में यथा उपबंधित के सिवाय, किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन शामिल नहीं होगा।

(ख) अनुप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में वनीकरण तथा पर्यावासों की बहाली के कार्यकलापों से पुन: वनीकरण किए जाने के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक जल निकाय.**- सभी प्राकृतिक झरनों/नदियों/नालों के जलग्रहण क्षेत्रों को अभिज्ञात किया जाएगा और आंचलिक महायोजना में उनके संरक्षण और बहाली की योजना सम्मिलित की जाएगी और राज्य सरकार द्वारा दिशा-निर्देश इस रीति से तैयार किए जाएंगे कि उसमें ऐसे क्षेत्रों में या उसके पास विकास क्रियाकलापों, जो ऐसे क्षेत्रों के लिए हानिकारक हैं, को प्रतिषिद्ध किया जा सके।

(3) **पर्यटन एवं पारिस्थितिकी पर्यटन.–**

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पारिस्थितिकी संवेदी जोन संबंधी पर्यटन महायोजना के अनुसार होगा।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना, राज्य के पर्यावरण और वन विभागों के परामर्श से राज्य के पर्यटन विभाग द्वारा तैयार किया जाएगा।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना का एक घटक होगा।

(घ) पर्यटन महायोजना को पारिस्थितिकी संवेदी जोन की वहन क्षमता के आधार पर तैयार किया जायेगा।

(ङ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित किए जाएंगे, यथा:-

(i) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें से जो भी अधिक निकट हो, किसी होटल या 'रिजॉर्ट्स' के नये निर्माण की अनुमति नहीं होगी।

परंतु यह, पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक पूर्व परिभाषित और अभिहित क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार, नए होटलों और रिजॉर्ट्स की स्थापना की अनुमति होगी;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रिया-कलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार, केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों तथा पारिस्थितिकी पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देने वाले राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी दिशानिर्देशों (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन होने तक, पर्यटन के विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल-विशिष्ट संवीक्षा तथा निगरानी समिति की सिफारिश के आधार पर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुमत किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में किसी नए होटल, रिजॉर्ट या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान के निर्माण की अनुमति नहीं होगी ।

(4) **प्राकृतिक विरासत.–** पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले मूल्यवान प्राकृतिक विरासत के सभी स्थलों जैसे कि जीन पूल रिज़र्व क्षेत्र, शैल संरचना, जल प्रपात, झरने, दर्रे, उपवन, गुफाएं, स्थल, वनपथ, रोहण मार्ग, उत्प्रपात आदि की पहचान की जाएगी और उनके सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना तैयार की जाएगी।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, कलाकृति-क्षेत्रों तथा ऐतिहासिक, स्थापत्य संबधी, सौंदर्यात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना तैयार की जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण.**- पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 और उसमें संशोधन के अंतर्गत ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 में नियत उपबंधों के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण का रोकथाम और नियंत्रण किया जाएंगा ।

(7) **वायु प्रदूषण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों और उनमें संशोधन के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सरण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में शोधित बहिस्राव का निस्सरण, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषकों के निस्सरण के लिए सामान्य मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों, जो भी अधिक कठोर हो, के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट.-** ठोस अपशिष्ट का निपटान एवं प्रबन्धन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), दिनांक 8 अप्रैल, 2016 के तहत प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा; अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर अभिज्ञात किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य अभिज्ञात प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन की अनुमति होगी।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट.**- जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.सा.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016, समय-समय पर यथा संशोधित के तहत प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य अभिज्ञात प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन की अनुमति होगी।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधो के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित तथा समय-समय पर यथा संशोधित ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **सड़क-यातायात.-** सड़क-यातायात को पर्यावास-अनुकूल तरीके से विनियमित किया जाएगा और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध शामिल किए जाएंगे। आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित होने तक, निगरानी समिति प्रासंगिक अधिनियमों और उनके तहत बनाए गए नियमों एवं विनियमों के अनुसार सड़क-यातायात के अनुपालन की निगरानी करेगी।

(15) **वाहन जनित प्रदूषण.-** वाहन जनित प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण लागू विधियों के अनुसार किया जाएगा। स्वच्छतर ईंधन उदाहरणार्थ के लिए सीएनजी, एलपीजी, आदि के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां.-**

(क) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके पश्चात पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कोई नए प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(ख) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी मार्गदर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार, जब तक कि अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञा दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, गैर प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों का संरक्षण.-** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों के उन क्षेत्रों को दर्शाया जाएगा जिनमें किसी भी निर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी;

(ख) जिन ढलानों या विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों में अत्यधिक भू-क्षरण होता है उनमें किसी भी निर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी ।

**4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची-**

पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और उसके अधीन बने नियमों, जिसमें तटीय विनियमन जोन (सीआरजेड), 2011 एवं पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना (ईआईए), 2006 शामिल है, सहित वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) अन्य लागू नियमों के उपबंधों तथा उनमें किए गए संशोधनों के अनुसार अधिशासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित होंगे, यथा:-

**सारणी**

| क्रम सं. | क्रियाकलाप | टिप्पणी |
|---|---|---|
| | **क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप** | |
| 1. | वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और भ्रजन इकाइयां । | (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं, जिसमें मकानों के निर्माण या मरम्मत के लिए जमीन को खोदना सम्मिलित है, के सिवाय सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर उत्खनन और भ्रजन इकाइयां तत्काल प्रभाव से प्रतिषिद्ध होंगी;<br>(ख) खनन प्रचालन, 1995 की रिट याचिका (सिविल) सं. 202 में टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 4 अगस्त, 2006 के आदेश और 2012 की रिट याचिका (सिविल) सं. 435 में गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 21 अप्रैल ,2014 के आदेश के अनुपालन में होगा । |
| 2. | प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि, आदि) उत्पन्न करने वाले उद्योगों की स्थापना । | पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुमति नहीं होगीः<br>परन्तु यह कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी मार्ग दर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार जब तक कि अधिसूचना में ऐसा विनिर्दिष्ट न हों, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्यागों को बढ़ावा दिया जाएगा। |
| 3. | बड़ी जल-विद्युत परियोजनाओं की स्थापना । | प्रतिषिद्ध। |
| 4. | किसी घातक पदार्थ का प्रयोग या उत्पादन या प्रस्संकरण । | प्रतिषिद्ध। |
| 5. | प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्रावों का निस्सरण । | प्रतिषिद्ध। |
| 6. | पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से गर्म वायु के गुब्बारे, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइट्स, आदि उड़ाना। | प्रतिषिद्ध। |
| 7. | नई आरा मिलों की स्थापना। | पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई आरा मिलों की अनुमति नहीं होगी और न ही वर्तमान आरा मिलों का विस्तार किया जा सकेगा। |
| 8. | ईंट भट्टों की स्थापना करना। | प्रतिषिद्ध। |
| | **ख. विनियमित क्रियाकलाप** | |
| 9. | होटलों और रिसोर्टों की वाणिज्यिक स्थापना । | पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों हेतु लघु व अस्थायी संरचनाओं के निर्माण के सिवाय, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, नए वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना की अनुमति |

| | | |
|---|---|---|
| | | नहीं होगी:<br>परंतु, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर बाहर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, पर्यटन महायोजना और लागू दिशानिर्देशों के अनुसार सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप करने या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार करने की अनुमति होगी । |
| 10. | निर्माण क्रियाकलाप । | (क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक संनिर्माण अनुमत नहीं किया जाएगा:<br>परंतु स्थानीय लोगों को पैराग्राफ 3 के उप पैराग्राफ (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके उपयोग के लिए उनकी भूमि में स्थानीय निवासियों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने लिए संनिर्माण करने की अनुमति भवन उपविधियों के अनुसार दी जाएगी:<br>परन्तु ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही न्यूनतम पर रखे जाएंगे ।<br>(ख) एक किलोमीटर से आगे आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे । |
| 11. | गैर प्रदूषणकारी लघु उद्योग। | फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी समय-समय पर संशोधित उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे। |
| 12. | वृक्षों की कटाई । | (क) राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन भूमि या सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई नहीं होगी ।<br>(ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी । |
| 13. | वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों (एनटीएफपी) का संग्रहण । | लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा । |
| 14. | विद्युत और संचार टॉवर लगाने, तार-बिछाने तथा अन्य बुनियादी ढांचे की व्यवस्था । | लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा (भूमिगत केबल बिछाने को बढ़ावा दिया जाएगा)। |
| 15. | नागरिक सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचा। | लागू विधियों, नियमों और विनियमनों और उपलब्ध दिशानिर्देशों के साथ न्यूनीकरण उपाय करना। |
| 16. | विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ बनाना और नई सड़कों का निर्माण। | लागू विधियों, नियमों और विनियमनों और उपलब्ध दिशानिर्देशों के अनुसार शमनात्मक उपायों के साथ किये जा सकेंगे। |
| 17. | पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण । | लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा । |
| 18. | रात्रि में वाहन यातायात का संचलन । | लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होगा । |
| 19. | स्थानीय जनता द्वारा अपनायी जा रही वर्तमान कृषि और बागवानी | स्थानीय जनता के प्रयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुमत होंगे। |

| | | |
|---|---|---|
| | पद्धतियों के साथ डेयरियां, दुग्ध उत्पादन, जल कृषि और मत्स्य पालन। | |
| 20. | प्राकृतिक जल निकायों या भू क्षेत्र में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण । | जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव के निस्सारण से बचा जाएगा। उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के प्रयास किए जाएंगे। अन्यथा उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव का निस्सरण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा। |
| 21. | सतही और भूजल का वाणिज्यिक निष्कर्षण । | लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा । |
| 22. | खुले कुंआ, बोर कुंआ, आदि, कृषि और अन्य उपयोग के लिए । | विनियमित और सम्बद्ध प्राधिकारी द्वारा क्रियाकलापों की सख्ती से निगरानी की जाएगी। |
| 23. | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन। | लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा । |
| 24. | विदेशी प्रजातियों की शुरुआत करना। | लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा । |
| 25. | पारिस्थितिकी पर्यटन। | लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा । |
| 26. | पॉलीथिन बैग का प्रयोग। | लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा । |
| 27 | वाणिज्यिक संकेत बोर्ड और होर्डिंग का प्रयोग । | लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा । |
| | **ग. संवर्धित क्रियाकलाप** | |
| 28. | वर्षा जल संचय । | सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा । |
| 29. | जैविक खेती। | सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा । |
| 30. | सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी का अंगीकरण । | सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा । |
| 31. | ग्रामीण कारीगरी सहित कुटीर उद्योग। | सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा । |
| 32. | नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का प्रयोग । | बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को सक्रिय बढ़ावा दिया जाएगा। |
| 33. | कृषि वानिकी । | सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा । |
| 34. | बागान लगाना और जड़ी बूटियों का रोपण । | सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा । |
| 35. | पारिस्थितिकी अनुकूल परिवहन का प्रयोग । | सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा । |
| 36. | कौशल विकास । | सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा । |
| 37. | अवक्रमित भूमि/वनों/ पर्यावासों की बहाली । | सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा । |
| 38. | पर्यावरण के प्रति जागरुकता। | सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा । |

**5. पारिस्थितिकी संवेदी जोन अधिसूचना की निगरानी के लिए निगरानी समिति.-**

इस अधिसूचना के उपबंधों की प्रभावी निगरानी के लिए केन्द्र सरकार एक निगरानी समिति का गठन करती है जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, नामत:

| क्र.सं. | निगरानी समिति का गठन | पद |
|---|---|---|
| 1. | उपायुक्त, पश्चिम कामेंग जिला, अरुणाचल प्रदेश | अध्यक्ष; |
| 2. | सदस्य सचिव, राज्य जैव विविधता बोर्ड | सदस्य; |
| 3. | शहरी विकास विभाग के प्रतिनिधि, पश्चिम कामेंग जिला, बोमडिला, अरुणाचल प्रदेश | सदस्य; |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | लोक निर्माण विभाग, पश्चिम कामेंग जिला, पाक्के केसांग जिला, अरुणाचल प्रदेश के प्रतिनिधि | सदस्य; |
| 5. | ग्रामीण निर्माण विभाग, पश्चिम कामेंग जिला, बोमडिला, अरुणाचल प्रदेश के प्रतिनिधि | सदस्य; |
| 6. | पर्यावरण के क्षेत्र में कार्यरत गैर-सरकारी संगठन (विरासत संरक्षण सहित) का एक प्रतिनिधि राज्य सरकार द्वारा नामित किया जाएगा | सदस्य; |
| 7. | पारिस्थितिकी और पर्यावरण के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ राज्य सरकार द्वारा नामित किया जाएगा | सदस्य; |
| 8. | संभागीय वनाधिकारी, शेरगांव (ईगल नेस्ट वन्यजीव अभयारण्य) | सदस्य; |
| 9. | संभागीय वनाधिकारी, खेललोंग (सेस्सा आर्किड अभ्यारण्य) | सदस्य; |
| 10. | संभागीय वनाधिकारी, पाक्के वन प्रभाग पाक्के वन्यजीव अभयारण्य और बाघ रिज़र्व | सदस्य-सचिव |

**6. निगरानी समिति के कार्य:-**

(1) निगरानी समिति, वास्तविक स्थल-विशिष्ट स्थितियों के आधार पर उन क्रियाकलापों की छानबीन करेगी जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 1553 (अ), तारीख 14 सितंबर, 2006, और पर्यावरण, वन मंत्रालय में केन्द्रीय सरकार को निर्दिष्ट उसके पैरा 4 के अधीन सारणी में निर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों को छोड़कर, पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं और यथास्थिति, जलवायु परिवर्तन या राज्य पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरणीय मंजूरी के लिए होंगे।

(2) भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की अधिसूचना क्रमांक का.आ. 1533 (अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आने वाले, उसके पैरा 4 के अधीन सारणी में निर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों को छोड़कर, निगरानी समिति द्वारा वास्तविक साइट-विशिष्ट की स्थितियों के आधार पर जांच की जाएगी और संबंधित विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट की जाएगी।

(3) निगरानी समिति के सदस्य-सचिव या संबंधित कलेक्टर या संबंधित उप वन संरक्षक पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन इस अधिसूचना के उपबंधों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध शिकायत दर्ज करने के लिए सक्षम होंगे।

(4) निगरानी समिति संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, उद्योग संघों के प्रतिनिधियों या संबंधित हितधारकों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए, मामले दर मामले के आधार पर और आवश्यकतानुसार आमंत्रित कर सकती है।

(5) निगरानी समिति प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को अपने क्रियाकलापों की वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट उस वर्ष के 30 जून तक इस अधिसूचना को राज्य के मुख्य वन्य जीव संरक्षक को **उपाबंध-V** में विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा के अनुसार प्रस्तुत करेगी।

(6) केन्द्र सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निगरानी समिति को उसके कार्य-कलापों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा जो वह उचित समझे ।

**7. अतिरिक्त उपाय**:- इस अधिसूचना के उपबंधों को लागू करने के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार, अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी।

**8. उच्चतम न्यायालय, आदि के आदेश**:- इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित किए गए या पारित किए जाने वाले आदेश, यदि कोई हो, के अध्यधीन होंगे ।

[फा. सं. 25/08/2021-ईएसजेड]

डॉ. एस केरकेट्टा, वैज्ञानिक-जी

**अनुलग्नक – I**

**सारणी क: पाक्के वन्यजीव अभयारण्य की सीमा का विवरण**

| दिशा | विवरण |
|---|---|
| **उत्तर** | सीचम के निकट भोरली नदी बिंदु से, जब यह अपने पश्चिमी किनारे को दक्षिण की ओर ले जाती है। इसके बाद भोरली के दाएं तट के साथ यह पस्सूनी नदी के साथ होने वही अपने संगम से पूर्व की ओर जाती है, इसके बाद यह मीरी इपथा नदी के साथ अपने संगम से लगभग 4 मील पूर्व की ओर यह किसी एक सहायक नदी के साथ पूर्व की ओर संगम में पस्सूनी नदी के दाएं तट में पस्सूनी नदी के दाएं तट के साथ जाती है। |
| **पूर्व** | इसके बाद यह सहायक नदियां दाएं तट के साथ दक्षिण की ओर जाकर और पखुई नदी के सहायक नदियों में से एक के स्त्रोत के रिज़ को पार कर के जाती है (जो कि सहायक नदियां पखुनी नदी के साथ जंक्शन से लगभग 4/1 मील सेमा से एक्सेलनग्गानिया तक फुटपाथ को पार करके जाती है)। इसके बाद पखुई नदी सहायक नदी के बाएं तट के साथ जाती है।<br><br>इसके बाद यह पखुई नदी के दाएं तट के साथ-साथ उस बिन्दु तक जहां यह आंतरिक रेखा को पार करती हुई जाती है। |
| **दक्षिण** | इसके बाद ये आंतरिक रेखा के साथ-साथ उस बिन्दु तक जहां यह भोराली नदी को पार करती हुई जाती है। |
| **पश्चिम** | इसके बाद भोराली के बाएं तट के साथ-साथ उत्तर की ओर आंरभिक बिंदु जाती है। |

**सारणी ख: ईगल नेस्ट वन्यजीव अभयारण्य की सीमा का विवरण**

| दिशाएं | विवरण |
|---|---|
| **उत्तर और पूर्व** | यह सीमा नगनपे (जी आर 707355) के 2966 उन्नतांश बिंदु से सीमा जीआर 723351, 727364, 732368, 736372, 738375, 734383 से होते हुए पहाड़ी रास्ते के साथ-साथ कृत्रिम रेखा बनाती जाती है, जहां यह दोईमारा शेरगांव फुटपाथ तक मिलती है। इसके बाद फुटपाथ के साथ-साथ उत्तर पश्चिम में पिरला, शेरगांव फुटपाथ पूर्व की ओर जंक्शन तक जाती है। यह पिरला जीआर 815408 (उन्नतांश 2829) में चाकू थुंगरे फुटपाथ से मिलती है।<br><br>इसके बाद यह सीमा रेखा लगभग 2 किलोमीटर की दूरी तक लगभग 110° कृत्रिम रेखा अर्थात ब्रा (एफआर 830405) में रीज़ उन्नतांश 3213 तक जाती है। इसके बाद जीआर 836410, 840413 से होते हुए रिज़ के साथ अन्य कृत्रिम रेखा बनाती जाती है जहां यह जीआर 849419 में ईगल-नेस्ट-थुंगरे फुटपाथ में मिलती है। इसके बाद दक्षिण-पूर्व की ओर फुटपाथ के साथ-साथ जाती है यह जीआर 825385 में चाकू में मिलती है। इसके बाद सीमा लगभग 750 मीटर की दूरी तक लगभग 135° कृत्रिम रेखा से होते हुए यह तीपी नाला से मिलती है। इसके बाद जीआर 920364 में उत्तर पूर्व से यह सहायक नदियों के साथ संगम तक तीपी नाला के साथ संगम तक तीपी नाला के निचली धाराप्रवाह के साथ जाती है। इसके बाद लगभग 4.7 किलोमीटर कू दूरी तक लगभग 45° अन्य कृत्रिम सीधी रेखा बनाती जाती है, जहां यह जीआर 940383 में बोमडीला-भालूकपोंग सड़क में मिलती है। इसके बाद जीआर 998365 में पींजोली तक पूर्व की ओर सड़क के साथ-साथ जाती है। |
| **दक्षिण** | इसके बाद इसकी सीमा चाकू सड़क के तलहटी और चोटी 1325 (जीआर 781291) को पार करके कृत्रिम रेखा चोटी 1192 (जीआर 982341) 1260 (जीआर 950321), 1384 (जीआर 864290), 1275(जीआर 815290) को छूती है। इसके बाद यह सीमा |

| | |
|---|---|
| | रेखा लगभग 3.6 किलोमीटर की दूरी तक लगभग 270° कृत्रिम सीधी रेखा बनाती जाती है। जहां यह उत्तर (जीआर 745291) से किसी नाम रहित धारा में मिलती है। |
| **पश्चिम** | इसके बाद यह जीआर 705349 में स्रोत तक किसी नाम रहित धारा के ऊपरी धारा के साथ-साथ जाती है। इसके बाद यह सीमा रेखा 0.7 किलोमीटर की दूरी तक लगभग 30° कृत्रिम सीधी रेखा की ओर आरंभिक बिंदु जाती है। |

**सारणी ग : सेस्सा आर्किड वन्यजीव अभयारण्य की सीमा का विवरण**

| दिशाएं | विवरण |
|---|---|
